## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 05.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 11 मंत्रियों को दिलायी पद और गोपनीयता की शपथ।
2. झामुमो से छह, कांग्रेस से चार और राजद से एक विधायक को मंत्रिमंडल में मिली जगह, सुदिव्य सोनू, चमरा लिंडा, योगन्द्र महतो, राधाकृष्ण किशोर, शिल्पी नेहा तिर्की और संजय यादव नये चेहरे।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये की लेन–देन वाले केस की पुलिस जांच पर लगायी रोक, सरकार से मांगा जांच प्रतिवेदन।
4. गुमला में भीषण सड़क हादसे में रांची के तीन युवकों की मौत, दो की हालत गंभीर।
5. रांची समेत पूरे राज्य में अगले तीन दिन बढेगी ठंड, मौसम विभाग ने आठ दिसंबर को बारिश का जताया पूर्वानुमान।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 11 मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। श्री सोरेन ने जिन्हें अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया है उनमें चाईबासा विधायक दीपक बिरुआ, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, गिरिडीह विधायक सुदिव्य सोनू, बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा, गोमिया विधायक योगेंद्र महतो और मधुपुर विधायक हफीजुल हसन अंसारी शामिल हैं। कांग्रेस से महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह, छतरपुर विधायक राधाकृष्ण किशोर, जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी और मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को मंत्री बनाया गया है। राजद कोटे से गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव को मंत्री पद दिया गया है। श्री सोरेन ने इस बार अपने मंत्रिमंडल में छह नये चेहरों को शामिल किया है। सबसे पहले कांग्रेस विधायक राधाकृष्ण किशोर ने शपथ ग्रहण किया।

********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने प्रोटेम स्पीकर के रुप में विधायक स्टीफन मरांडी को भी शपथ दिलायी।

********************

राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल के विस्तार पर प्रसन्नता व्यक्त की है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि नयी कैबिनेट झारखंड को देश का नम्बर वन राज्य बनाने में कामयाब होगी।

********************

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश ठाकुर ने कहा है कि राज्य में एक संतुलित मंत्रिमंडल का गठन हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में विकास की रफ्तार तेज होगी।

********************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार की मइयां सम्मान योजना में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि आवेदन भरने के बाद भी कई महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। श्री मरांडी ने बताया कि गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत एक गांव की चालीस महिलाओं ने मइयां सम्मान योजना के लिए फार्म भरा है लेकिन उनके खाते में अब तक एक बार भी राशि नहीं आयी है। श्री मरांडी ने राज्य सरकार से वृद्धा और विधवा पेंशन भी शुरु करने की मांग की है।

********************

गुमला जिले के औरापाठ गांव को पीएम जनमन मॉडल ग्राम के रुप में विकसित किया जायेगा। इस सिलसिले में नीति आयोग और केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की टीम ने आकांक्षी प्रखंड डुमरी स्थित औरापाठ गांव

का दौरा किया। नीति आयोग के उपसचिव अरविंद कुमार के नेतृत्व में आयी अधिकारियों की टीम ने गांव में बहाल सुविधाओं का जायजा लिया और ग्रामीणों से संवाद किया। मौके पर श्री कुमार ने कहा कि पहले चरण में देशभर के छह पीएम जनमन मॉडल गांव के रुप में विकसित किया जा रहा है। इनमें गुमला जिले का औरापाठ गांव भी शामिल है।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये की लेन–देन वाले केस की पुलिस जांच पर रोक लगा दी है। अदालत ने राज्य सरकार से अब तक हुई पुलिस जांच की रिपोर्ट मांगी है। इस मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर को होगी। गौरतलब है कि ईडी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मामले की सीबीआई जांच कराने का अनुरोध किया है।

********************

गुमला जिले में एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गयी जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक बसिया स्थित वन विभाग के चेक पोस्ट के पास खड़े एक ट्रक से एक कार आ टकरायी। इससे कार में बैठे तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि गंभीर रुप से घायल दो लोगों को रांची स्थित रिम्स में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि कार पर सवार लोग एक शादी समारोह में भाग लेकर अपने घर रांची लौट रहे थे।

********************

सरायकेला खरसावां जिले में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। इस सिलसिले में गम्हरिया प्रखंड सभागार में नई चेतना कार्यक्रम के तहत एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक के बाद सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी ने बताया कि लैंगिक हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने और महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने की शपथ ली गयी।

********************

सिमडेगा जिले में नशा मुक्त भारत अभियान सफलता पूर्वक चल रहा है। इसके तहत लोगों को नशा के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

********************

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्यभर में अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान ठंड बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि तीन दिनों के बाद मौसम में फिर बदलाव देखने को मिलेगा। श्री आनंद के अनुसार आठ और नौ दिसंबर को आसमान में बादल छायेंगे और राज्य के उत्तरी भाग में कहीं–कहीं बारिश हो सकती है।

********************

हजारीबाग के बड़ा बजार थाना अंतर्गत सिरका निवासी रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव की हत्याकांड मामले में पुलिस ने एक सुपारी किलर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।

********************